Moving Every Mile With A Smile

# संvad

## Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

Welcome 2024

October - December 2023
ISSUE 21

अतिरोषणश्चक्षुष्मानन्ध एव जनः।
*An exceedingly angry person is blind even when possessing eyes.*



## स्पर्श

समय – TIME

समय हमारे पास एक सबसे कीमती संसाधन है क्योंकि यह सीमित है और अगर एक बार चला गया तो हम इसे वापस नहीं पा सकते। धन या भौतिक संपत्ति के विपरीत, हम बाद में उपयोग के लिए समय को जमा या संग्रहित भी नहीं कर सकते। हम सभी के पास समय एक बराबर है पर इसे सार्थक और उत्पादक तरीके से उपयोग करना हम पर निर्भर है।

जब हम अपने समय को प्राथमिकता देते हैं और इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं, तो हम अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, सार्थक रिश्ते बना सकते हैं और जीवन का भरपूर आनंद ले सकते हैं। दूसरी ओर, जब हम अपना समय बर्बाद करते हैं, तो हम अवसरों से चूक जाते हैं, पछतावे का अनुभव करते हैं और अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंच पाते हैं।

इसलिए यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हम अपना समय कैसे व्यतीत कर रहे हैं और इसका उपयोग ऐसे तरीके से करें जो हमारे मूल्यों और लक्ष्यों के अनुरूप हो। ऐसा करके, हम अपने पास मौजूद समय का अधिकतम उपयोग कर सकते हैं और एक ऐसा जीवन बना सकते हैं जो संतुष्टिदायक और पुरस्कृत हो।

समय की समय पर कदर करें,
समय के पास भी इतना समय नहीं,
कि दुबारा आपको समय दे सके ।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad



## समन्वय

नमन आप सभी को।

जब मैं MLL से जुड़ा, तब मुझे पापा ने एक सवाल का जवाब पता करने के लिए कहा था MLL कि ऐसी क्या खास बात है कि हमारी कम्पनी एक छोटी सी शुरुआत से आज इस मुक़ाम तक पहुँची है और लगातार आगे बढ़ती जा रही है ?

MLL के साथ जुड़े मुझे डेढ़ साल हो गया है और आज मेरे पास एक ठोस जवाब है जो मैं आप सभी के साथ शेयर करना चाहता हूँ।

जवाब है – **आप सभी की एकता।**

हमारी कम्पनी की बेहद खूबसूरत बात है कि हिंदुस्तान के अलग अलग कोने से, अलग रंग के, अलग धर्म के, अलग भाषा बोलने वाले, अलग– अलग प्रकार के लोग कदम से कदम मिलाकर एक ही मंज़िल की ओर चल रहे हैं –MLL को आगे बढ़ाने की मंज़िल। और यही कारण है कि MLL एक छोटी सी शुरुआत से आज यहाँ तक पहुँची है और इससे भी ज्यादा ऊँचाइयाँ पार करने के लिए तैयार है।

उम्मीद है हम सब ऐसे ही एक जुट हो कर काम करते रहें और MLL परिवार हमेशा आगे बढ़ता रहे। अभी हमें काफ़ी दूर चलना है, और कदम से कदम मिला कर बढ़ना है।

हम सबकी एकता को देखकर कुछ पंक्तिया याद आ रही है –

बाधाएँ आती हैं आएँ, घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पावों के नीचे अंगारे, सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ, निज हाथों में हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा... कदम मिलाकर चलना होगा।
हास्य-रूदन में, तूफ़ानों में, अगर असंख्यक बलिदानों में,
उद्यानों में, वीरानों में, अपमानों में, सम्मानों में, उन्नत मस्तक, उभरा सीना,
पीड़ाओं में पलना होगा... कदम मिलाकर चलना होगा।
उजियारे में, अंधकार में, कल कहार में, बीच धार में, घोर घृणा में,
पूत प्यार में, क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में, जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा... कदम मिलाकर चलना होगा।

अंत में मैं सभी से यह कहना चाहता हूँ कि हमारी एकता ही हमारी शक्ति है। हमें अपनी मेहनत, संघर्ष और निरंतर प्रयासों के माध्यम से अगले लक्ष्यों की ओर बढ़ना है।

धन्यवाद।

Palash Maheshwari
Director, Maheshwari Logistics Limited.

## Motivational Thought



**SIX ETHICS OF LIFE.**

Before you Pray - Believe.
Before you Speak - Listen.
Before you Spend - Earn.
Before you Write - Think.
Before you Quit - Try
Before you Die - Live.

## श्रध्दांजलि



श्री मनोहर लाल तोषनीवाल

# IN HOUSE TALENT

## Congratulations!!!



Dr. Muskan Maheshwari
for Completing BDS



Disha Maheshwari
on Clearing CLAT



Karan Desai on being awarded Player of the Year and becoming the champion in both Table Tennis and Badminton



Rangoli by Jinal Patel during Diwali at Ambethi factory, Vapi



Yasin Ansari was honored during Umrah



Sketches made by Arnav Maheshwari

## Congratulations to our well wishers !!!



Rajesh Kabra
Felicitation by Canara Bank for Contribution to Bank, Business and Society



Rohendra Kabra
Highest Scorer award in Basketball Tournament



Shobha Chandak
Prize in Dandia Competition in Ichalkaranji




Vaishali Naik
Prize in Sheri Garba Competition in Gadat




Aayush Kabra
Secured Winning position in Cricket and Basketball in Khelore'23 at ISME, Bangaluru

## छोटी छोटी बातों का संग्रह

- सत्य जब चुप रहता है तो
  उसे हज़ारों पूजते हैं और
  सत्य जब बोलना शुरू करता है
  तो डर के मारे हजारों कांपते है
- समय को पहचानो समय ऐसे निकल जाएगा जैसे नहाते हुए घिसा हुआ साबुन हाथ से बार बार निकल जाता है
- प्रंशसा से कभी भी सीखने को नहीं मिलता है जबकि पैर में लगी हुई एक ठोकर संभलने का अवसर प्रदान करती है
- मनुष्य के चरित्र का पता उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके संस्कारों से चलता है



**फतेह सिंह सिहडार, गांधीधाम**

## स्वयं से प्रेम

क्यों झिझकते हैं हम खुद को अच्छा बोलने से ?
क्यों स्वयं को प्यार नहीं करते ? क्यों अपेक्षा है कि दूसरे हमें प्यार करें ?
क्यों हम स्वयं के लिए उपहार नहीं लाते ? चुनाव हमारा है हम स्वयं ही दु:खी होते हैं।
जैसे दूसरों को हम गुलदस्ता देते हैं उनकी खुशी में वैसे ही हम अपने लिए भी तो कर सकते हैं।
तारिफ की भी भूख क्यों दूसरों से अपने आप को स्वयं सुखी रखें,
नहीं तो आप दूसरों पर निर्भर हो जाएँगे।
क्यों किसी को भीतर की मालकियत सौंपें ?
स्वयं स्वयं के मालिक बनें, तारीफ भी उस से पाएँ जो काबिल हो।
तारिफ करने के तारीफ- माप- निर्धारण होता है।
जो माप रहा है वो भी लायक हो।
कोई निंदा करे वो भी जानकार हो तो निंदा भी वो श्रेष्ठ है।
स्वयं से जो खाली हो गया होगा वो ही इस योग्य होगा चाहे वो प्रशंसा करे चाहे निंदा। स्वयं को नहीं जानते तो दूसरे की आँख में देखते हैं तलाशने के लिए कि हम कैसे हैं!!



**अनुराधा जाजू, सूरत**

आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।
Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806

## खाना खजाना - कच्चे केले की कटलेट



**सामग्री :** ६ कच्चे केले, १०० ग्राम मटर, ७-८ हरी मिर्च, १०० ग्राम रवा, नमक स्वाद अनुसार, १/२ चम्मच शक्कर, ६ बटर बिस्किट


**विधि :** सबसे पहले केले को उबाल कर छील लें, गरम पानी में मटर को उबार लें। उबले हुए मटर, रवा व मसाले एक कढ़ाई में डाल कर ५-६ मिनट के लिए भून लें। ठंडा होने के बाद इसमें उबले हुए केले और बटर बिस्किट का चूरा डाल कर मैश कर लें। अब इसके हिस्से कर के कटलेट का शेप दे दें। फिर गरम तेल में कटलेट को सुनहरा होने तक तल लें।

पसंदीदा चटनी या सॉस के साथ परोसें।



**वैशाली नायक, चिखली**

## कुदरत ने हर जीव को दुनिया के अच्छे के लिए ही बनाया है



मानव जाति की एक आदत है पहले किसी प्रजाति को खत्म करो, फिर पता चला हमसे गलती हो गई और अब उसे बचाओ।




एक उदाहरण चाइना का- 1958 में वहाँ के राजा ने एक चिड़िया जो साल भर में 4.5 किलो अनाज खा जाती थी उसे खत्म करने का काम 2 साल में कर दिया पर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करना उनको भारी पड़ा। कुदरत ने चिड़िया को अनाज खाने वाले कीड़े-मकोड़े को काबू करने के लिए मुफ़्त में भेजा था, पर अब ज़हरीली दवाई के पीछे खर्च करना पड़ा, और 1958 से 1961 तक 3 करोड़ लोगों की इसके कारण मौत हो गई।



दो चिड़िया जिसे गुजराती में घर चकली कहते हैं जो डरपोक होती है पर उसे इंसान की उपस्थिति भी चाहिए, मेरी सोसायटी में थी, मैंने जूतों के खाली बॉक्स से चिड़िया का घर बनाया। एक छोटा सा कदम था ये। और दोस्त साथ में मिले और बच्चों के साथ कई घर और बनाए।

कुदरत ने हर जीव को दुनिया के अच्छे के लिए ही बनाया है इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है पर्यावरण के प्रति कुछ करने का।

एक छोटा सा कदम बच्चों को साथ में लेकर देखिए, कुछ अलग एहसास होगा।



**प्रगणेश पटेल, वापी**

## खेल खेल में

### Sudoku

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 8 | | | 2 | 3 | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | | | | |
| 1 | | 5 | | 7 | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | | | 9 | | |
| 2 | | 9 | | 4 | | 5 | | 8 |
| | | | | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | |
| 3 | | 1 | 6 | | | 7 | 8 | |

**Answers for 'Complete the sentences' from last edition are**



1. Swarm
2. Loaf
3. Pile
4. Flight
5. Fleet
6. Bundle

Right answers were given by

Vapi : Jatin Harania
Kanpur : Rajkumar Maheshwari

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th February तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Diwali Poojan at Ahmedabad office



Diwali Poojan at MLL House, Vapi



Diwali Poojan at MLL, Gandhidham



Navratri Pooja at MLL House, Vapi



Pooja at new branch in Pen, Maharashtra

# Launch event for Mahindra trucks and buses dealership in South Gujarat





















majithia - 9825268468

Mahindra Rise.